जय श्री राधे जय श्री कृष्णा | by Ayushi Raj

जय श्री राधे जय श्री कृष्णा
मिट जाए मन की सब तृष्णा
जय जय श्री राधे जय जय श्री कृष्णा
मिट जाए मन की सब तृष्णा
यमुना के जल अमृत छलके मोहे डुबकी मार नहाना है
संग में लेलो रे भैया मोहे मथुरा दर्शन जाना है

जय जय श्री राधे जय जय श्री कृष्णा
मिट जाए मन की सब तृष्णा

मथुरा जाके श्याम को अपने मन की बात बताउंगी मैं तो
हाल सुनाकर उनको अपना जीवन सफल बनाउंगी मैं तो
नैनो में भर लुंगी बा को तनक नहीं शर्माना है
संग में लेलो रे भैया मोहे मथुरा दर्शन जाना है

जय जय श्री राधे जय जय श्री कृष्णा
मिट जाए मन की सब तृष्णा

श्याम सुन्दर से पूछूँगी मित्र सुदामा कैसा है
बदल गए हालात सभी या अब भी पहले जैसा है
और भी है दुनिया में सुदामा उसको याद दिलाना है
संग में लेलो रे भैया मोहे मथुरा दर्शन जाना है

जय जय श्री राधे जय जय श्री कृष्णा
मिट जाए मन की सब तृष्णा

रास रचैया कृष्ण कन्हैया राधे नाम का दीवाना
अपने तो मन की मंज़िल है या मथुरा या बरसाना
राधे राधे कृष्णा कृष्णा साहिल अब यही गाना हिअ
संग में लेलो रे भैया मोहे मथुरा दर्शन जाना है

जय जय श्री राधे जय जय श्री कृष्णा
मिट जाए मन की सब तृष्णा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3/